# रणजीत टाइम्स

इंदौर

सोमवार, 2 मार्च, 2026

वर्ष 02 | अंक 57 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे




तेल अवीव पर हुए हमले से कई गाड़ियां जल कर राख हो गईं। एक दमकलकर्मी हमले के बाद जलती हुई कार को बुझाता हुआ।

# दुबई एयरपोर्ट पर ड्रोन अटैक, बुर्ज खलीफा के पास धमाका

## खामेनेई के बेटे मोजतबा हो सकते हैं नए सुप्रीम लीडर

ईरान में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद राजनीतिक और सैन्य संकट गहराने की आशंका है। नएसुप्रीम लीडर की नियुक्ति में कानूनी प्रक्रिया से हटकर जल्द निर्णय की कोशिश हो रही है। ईरान के संविधान के अनुसार सुप्रीम लीडर का चयन 88 वरिष्ठ धार्मिक विद्वानों वाली विशेषज्ञों की परिषद करती है। खबरों के अनुसार दिवंगत सर्वोच्च नेता के बेटे मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता नामित किया जा सकता है। ईरान के संविधान के मुताबिक केवल किसी बड़े धार्मिक विद्वान (मौलवी) को ही यह पद मिल सकता है। हालांकि, खामेनेई ने अपने जीवनकाल में किसी उत्तराधिकारी का नाम सार्वजनिक रूप से तय नहीं किया था, जिससे चयन और भी जटिल हो गया है।



सुप्रीम लीडर की मौत पर ईरान में 40 दिन का शोक

## ईरान में 200 की मौत, 740 घायल

ईरान पर राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों पर हमलों से अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। ईरान ने भी देशों पर जवाबी हमले किए थे। ईरान ने इजराइल पर करीब 400 मिसाइलें दागीं और कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व यूएई में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। इतना ही नहीं, ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी हमला किया। ईरान ने दुबई के पाम होटल एंड रिसॉर्ट और बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला किया। इसके अलावा बहरीन में कई रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया।

## भारत की 400 फ्लाइट कैंसिल

**नई दिल्ली।** युद्ध के हालात में एयरस्पेस बंद होने का असर दुबई से लेकर भारत तक दिखाई दे रहा है। दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ईरानी ड्रोन टकराया जिसमें 4 लोग घायल हुए हैं। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 20 घंटे से यात्री अपनी फ्लाइट का इंतजार कर रहे हैं। दिल्ली और मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यात्रियों ने रात गुजारी। इधर, जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में खामेनेई की मौत पर विरोध हो रहा है।

## बुर्ज खलीफा को खाली कराया गया

दुबई की मशहूर इमारत बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला होने के बाद एहतियातन बुर्ज खलीफा को खाली करा दिया गया और उसकी लाइट्स बंद कर दी। हमले के बाद दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट और अल मकतूम एयरपोर्ट पर उड़ानों का संचालन अगले आदेश तक रोक दिया। कई देशों ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया, जिससे दुनियाभर की फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। इंडिया ने घोषणा की है कि आज के लिए लंदन, टोरंटो, फ्रैंकफर्ट, पेरिस और शिकागो के लिए उसकी सभी निर्धारित उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। एयर इंडिया ने कहा है कि हम अपने फ्लाइट ऑपरेशन के लिए सुरक्षा माहौल का आकलन करते रहेंगे और जरूरत के हिसाब से ऑपरेशन को पहले से एडजस्ट करेंगे।

# अवैध शराब(बीयर) का परिवहन करने वाले आरोपियो को थाना लसुडिया पुलिस ने किया गिरफ्तार

**इंदौर** शहर में अवैध शराब क्रय विक्रय, परिवहन जैसे अपराधो पर अंकुश लगाने एवं आरोपियो पर कठोर कार्यवाही करने हेतु पुलिस आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार सिंह एवं एडिशनल कमिश्नर पुलिस इन्दौर श्री अमित सिंह द्वारा श्री पुलिस उपायुक्त जोन – 2 श्री कुमार प्रतीक को निर्देशित किया गया था जिस पर से पुलिस उपायुक्त जोन – 2 द्वारा अति. पुलिस उपायुक्त जोन – 2 श्री अमरेन्द्र सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त विजयनगर श्री पराग सैनी के नेतृत्व मे अवैध शराब क्रय विक्रय, परिवहन करने वाले आरोपियो को पकडने के लिये थाना प्रभारी लसूड़िया के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। कल मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर टीम गठित कर सहायक उप निरीक्षक मनोज हिरवे को हमराह बल के बाईपास तरफ रवाना किया गया था जो मुखबिर के द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर ट्रक MP09GG7215 और MP09HG7050 दोनों वाहन देवास तरफ से इंदौर बाईपास पर 8:00 p.m. होटल के सामने से आते दिखे जिन्हें रोक कर चेक किया गया दोनों वाहनों में बोल्ट सुपर स्ट्रांग बियर के कार्टूनों से भारी होना पाई गई। वाहन क्रमांक MP09GG7215 के चालक से उसका नाम पता पूछा जो उसने अपना नाम काशीराम पिता माल सिंह डाबर उम्र 38 साल निवासी श्रीनाथ कॉलोनी पीथमपुर जिला धार तथा वाहन क्रमांक MP09HG7050 के चालक ने अपना नाम शेख अजगर पिता शेख अशरफ उम्र 50 साल निवासी ग्राम झोकर थाना मक्सी जिला शाजापुर का होना बताया।

### प्रदेश पुलिस की अवैध हथियारों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही

# ग्वालियर, जबलपुर से 10 अवैध हथियार एवं 270 से अधिक कारतूस जब्त, आठ गिरफ्तार

**रंजीत टाइम्स**

प्रदेश पुलिस अवैध हथियारों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी कार्यवाही के तहत पुलिस ने विगत 3 दिनों में ग्वालियर एवं जबलपुर जिले से 10 अवैध फायर आर्म्स, 270 से अधिक जिंदा कारतूस जप्त कर 08 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक चार पहिया वाहन भी जप्त किया है।

**ग्वालियर :थाना** सिरोल, थाना ग्वालियर एवं थाना डबरा देहात पुलिस ने अवैध हथियारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना सिरोल पुलिस ने हुरावली क्षेत्र में दबिश देकर एक पुस्तैनी मकान से 03 रायफल (315 बोर), 02 पिस्टल (32 बोर), 01 कट्टा (315 बोर) सहित अवैध हथियार जप्त किए है। साथ ही 315, 32 एवं 306 बोर के 97 से अधिक जिंदा कारतूस तथा मैग्जीन भी जप्त की गईं ।थाना ग्वालियर पुलिस ने तुलसी विहार कॉलोनी



से एक आरोपी को देशी कट्टा एवं जिंदा राउंड सहित गिरफ्तार किया ।थाना डबरा देहात पुलिस ने पिस्टल की नोक पर महिला का अपहरण करने वाले 02 आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर अपहृता महिला को सकुशल दस्तयाब किया तथा घटना में प्रयुक्त ईको वाहन एवं देशी पिस्टल मय मैग्जीन जप्त की।

**जबलपुर:** थाना गोसलपुर तथा थाना लार्डगंज पुलिस की संयुक्त कार्यवाही के तहत पुलिस ने 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया । आरोपियों के कब्जे से 01 पिस्टल, 01 देशी कट्टा, कुल 174 नग कारतूस एवं 01 कार जप्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई ।मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध कठोर एवं सतत कार्यवाही जारी है।

### 400 करोड़ रुपये से अधिक आएगा खर्च

# यूनियन कार्बाइड परिसर में ओपन थिएटर बनाने की तैयारी



**रंजीत टाइम्स**

दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक त्रासदियों में शुमार 1984 की गैस त्रासदी का साक्षी रहा भोपाल का यूनियन कार्बाइड परिसर अब नए स्वरूप में विकसित किए जाने की तैयारी में है। राज्य सरकार यहां ओपन थिएटर, रिहायशी और व्यावसायिक परिसर के साथ एक अत्याधुनिक अनुसंधान केंद्र विकसित करने की योजना बना रही है। सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि परिसर में लगभग सात से 10 एकड़ क्षेत्र में गैस त्रासदी पीड़ितों की स्मृति में भव्य स्मारक बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 17 जनवरी को स्थल का निरीक्षण कर इस दिशा में संकेत दिए थे। हालांकि, स्मारक निर्माण का प्रस्ताव पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल से लंबित है, जिसे अब नए सिरे से आगे बढ़ाया जा रहा है।

सरकार अब इस परियोजना को पुनर्घनत्वीकरण (रीडेंसिफिकेशन) योजना के तहत विकसित करने पर विचार कर रही है। प्रस्ताव को मुख्यमंत्री की स्वीकृति मिलने के बाद विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी।

## मिट्टी का परीक्षण

स्मारक निर्माण से पहले परिसर की मिट्टी का परीक्षण राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (नीरी), नागपुर से पुनः कराया जाएगा। करीब 10 वर्ष पूर्व भी यहां परीक्षण हो चुका है। जनवरी 2025 में हाईकोर्ट के निर्देश पर 337 टन जहरीले कचरे को पीथमपुर भेजकर वैज्ञानिक तरीके से नष्ट किया गया था।

## आधारभूत ढांचे पर जोर

परिसर में पहले सड़क, ड्रेनेज और जल प्रदाय व्यवस्था विकसित की जाएगी। वर्तमान में यहां फैक्ट्री का लोहे का ढांचा और प्रशासनिक भवन मौजूद हैं, जिन्हें हटाया जाना है। प्रस्तावित स्मारक में संग्रहालय, कांच से सुरक्षित प्रदर्शनी स्थल और प्रशासनिक भवन शामिल होंगे, जबकि अनुसंधान केंद्र में लैब, सभागार और छात्रावास जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

स्मारक निर्माण के लिए आवश्यक धनराशि परिसर में प्रस्तावित आवासीय और व्यावसायिक विकास से जुटाई जाएगी।

# प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ खेती करें: राज्य मंत्री पटेल

**रंजीत टाइम्स**

राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार जैविक कृषि को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कृषि समृद्धि, किसानों की आय में वृद्धि के साथ पर्यावरण अनुकूल एवं स्वास्थ्य परक कृषि विकास को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जैविक और प्राकृतिक खेती न केवल किसानों की लागत कम करती है, बल्कि भूमि की उर्वरता बनाए रखते हुए सुरक्षित एवं पौष्टिक खाद्यान्न उत्पादन सुनिश्चित करती है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाते हुए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ खेती करें। राज्य मंत्री पटेल आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गोगामुख, असम में जैविक एवं प्राकृतिक खेती द्वारा सतत आजीविका' विषय पर आयोजित



किसान मेला में शामिल हुए। मेले में विभिन्न क्षेत्रों से आए 1,500 से अधिक पंजीकृत किसानों ने भाग लिया। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गोगामुख असम के निदेशक डॉ. निवास राव ने संस्थान द्वारा विकसित नवीन कृषि तकनीकों, अनुसंधान उपलब्धियों एवं किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों और किसानों के बीच निरंतर संवाद ही कृषि क्षेत्र की वास्तविक प्रगति का आधार है।

# ऑपरेटर्स ने वापस लिया फैसला, बस हड़ताल रद्द

**रंजीत टाइम्स**

परिवहन विभाग की नई नीति और टैक्स बढ़ोतरी के विरोध में 2 मार्च से प्रस्तावित बस हड़ताल को वापस ले लिया गया है। सीएम डॉ. मोहन यादव और बस ऑपरेटर एसोसिएशन के बीच हुई सकारात्मक चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया। सरकार ने विवाद की मुख्य वजह बने दोनों हालिया नोटिफिकेशन्स को फिलहाल 'होल्ड' कर दिया है, जिससे अब प्रदेश भर में बसों का संचालन पूर्ववत जारी रहेगा। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रदेश के प्रत्येक ग्रामीण अंचल तक यात्रियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर टैक्स वृद्धि और परमिट व्यवस्था से जुड़े दोनों प्रस्तावों को स्थगित कर दिया गया है। अब बस ऑपरेटर एसोसिएशन की मांगों पर विचार करने और संशोधन करने के बाद ही इन्हें दोबारा जारी किया जाएगा।

Holi Hal

### वन्य जीवों के पुनर्स्थापन में मप्र बन गया है देश का आदर्श माडल : मुख्यमंत्री

# असम से लाएंगे जंगली भैंसा, नदियों में घड़ियाल और कछुए छोड़ेंगे

**रंजीत टाइम्स**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्ध वन सम्पदा का अनुपम केन्द्र है। नदियों के मायके के रूप में ख्याति पा चुके मध्यप्रदेश में वन्यजीवों की कोई कमी नहीं है। फिर भी मध्यप्रदेश की धरती को नाना प्रकार के वन्यजीवों से समृद्ध करने के लिए सरकार सभी कदम उठा रही है। कूनो नेशनल पार्क में चीतों का पुनर्स्थापन इसी दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है।



मुख्यमंत्रीने कहा कि आज का दिन इतिहास के लिए बड़ा अलग प्रकार का है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2022 से एक अद्वितीय निर्णय हुआ जब समूचे एशिया से चीता गायब हो गए थे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर केन्द्रीय वन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने 2022 में मध्यप्रदेश को चीतों का नया घर बनाने का जो निर्णय लिया आज उसकी अगली कड़ी में बोत्सवाना में राष्ट्रपति जी को जो उपहार में चीते मिले, वो चीतों का आज पुन: बसाहट का काम हुआ और आनंद की बात यह है कि 8 चीते देने की बात की थी और 9वां चीता भी लेकर के आए। आज की स्थिति में इन 9 चीतों को मिलाकर मध्यप्रदेश में अब 48 चीते हो गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को स्टेट हैंगर पर मीडिया से चर्चा में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रकृति के साथ मनुष्य के संबंध के बेहतर परिणाम आए हैं कि हमने अपने वन्यप्राणी चीतों की बसाहट के लिए दुनिया के सामने एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में जिस प्रकार से भारत में चहुंमुखी प्रगति प्रतिभा और चहुंमुखी विकास के दर्शन हो रहे है ऐसे प्रकृति का भी एक बहुत अनुपम उदाहरण बना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं केन्द्रीय वन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव का अभिनंदन करता हूँ। मध्यप्रदेश की धरती पर ऐसे कई और प्रयोग हम लगातार करने वाले हैं। आने वाले समय में असम से जंगली भैंसे आयेंगे। कल घड़ियाल और कछुए को हम छोड़ने वाले हैं। ऐसे सभी प्रकार के वन्य प्राणियों के साथ सभी प्रकार के थलचर, जलचर, नवचर, कुछ दिन पहले गिद्ध छोड़कर अपने देश के अंदर के गिद्धों का और एशिया महाद्वीप से आगे बढ़कर रशिया से आगे आने वाले गिद्ध को भी हमने अपने यहां छोड़कर, उन संबंधों के साथ प्रकृति के साथ रिश्ता बनाने का प्रयास किया है।

# इस महीने 17 दिन बीजेपी ऑफिस में समस्याएं सुनेंगे मंत्री

## मार्च का रोस्टर जारी, राकेश, विश्वास, प्रतिमा, दिलीप और लखन की ड्यूटी नहीं



**भोपाल (नप्र)।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने शनिवार-रविवार और सरकारी अवकाश को छोड़कर रोज एक मंत्री की प्रदेश भाजपा कार्यालय में बैठने की शुरुआत की है। इस व्यवस्था के तहत मार्च महीने में मंत्रियों का ड्यूटी रोस्टर जारी किया गया है।

**आज डिप्टी सीएम देवड़ा सुनेंगे समस्याएं-** आज यानी 2 मार्च को डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा दोपहर एक बजे से तीन बजे तक प्रदेश भाजपा कार्यालय में बैठकर आम जनता और बीजेपी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।

**17 दिन बीजेपी ऑफिस में बैठेंगे, 5 मंत्रियों की एक भी दिन ड्यूटी नहीं-** मार्च के महीने में कुल 17 दिन मंत्रियों की प्रदेश भाजपा कार्यालय में ड्यूटी लगाई गई है। खास बात ये है कि इस महीने में पांच मंत्रियों की एक भी दिन ड्यूटी नहीं लगी है। पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह, सहकारिता एवं खेल मंत्री विश्वास सारंग, पशुपालन मंत्री लखन पटेल, नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, वन राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार इस महीने बीजेपी ऑफिस में नहीं बैठेंगे।

**मंत्रियों के बैठने का दिन तय-** बीजेपी के प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी ने बताया पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जी ने जो व्यवस्था शुरु की है। वह अनवरत रूप से जारी है। हर मंत्री का महीने में पार्टी कार्यालय में बैठने का दिन तय है। यदि किसी मंत्री को महीने के दूसरे मंगलवार को पार्टी कार्यालय में बैठना है और उसी दिन किसी पर्व त्योहार के कारण अवकाश हुआ तो उनकी अगले तय दिन पर ड्यूटी लगती है।

यदि बीच में कोई मंत्री किसी कारण वश नहीं आ पा रहे हैं तो जो मंत्री अवकाश के कारण पार्टी कार्यालय नहीं आ पाए उन्हें आमंत्रित कर लिया जाता है। पार्टी ने यह व्यवस्था भी की है कि यदि किसी व्यक्ति, कार्यकर्ता का किसी विभाग में कोई काम है और मंत्री नहीं हैं तो संबंधित को सीधे विभागीय अधिकारियों के पास भेज दिया जाता है ताकि समस्या का समाधान हो सके।

# बसों की हड़ताल नहीं होगी

## सीएम से बैठक के बाद ऑपरेटरों ने लिया फैसला; विवादित राजपत्र होल्ड, बसें सामान्य रूप से चलेंगी

**भोपाल (नप्र)।** आज 2 मार्च को प्रस्तावित बस हड़ताल अब नहीं होगी। मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक के बाद बस ऑपरेटरों ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा कर दी है। मध्य प्रदेश बस ऑनर एसोसिएशन के महामंत्री जय कुमार जैन ने बताया कि बैठक में यह तय किया गया कि परिवहन विभाग से जुड़े दोनों विवादित राजपत्रों को फिलहाल सस्पेंड करते हुए होल्ड पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय के बाद बस ऑपरेटरों द्वारा घोषित 2 मार्च की हड़ताल समाप्त की जाती है।



**बस संचालन यथावत रहेगा-** एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि मध्य प्रदेश में यात्री बसों का संचालन बिना किसी परिवर्तन के सामान्य रूप से जारी रहेगा। यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। गौरतलब है कि होली के चलते ट्रेनों में पहले से लंबी वेटिंग की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में बस हड़ताल टलने से यात्रियों को बड़ी राहत मिली है।

**मुख्यमंत्री बोले- सबके हितों की करेंगे रक्षा-** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मध्यप्रदेश बस ऑनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों (बस ट्रांसपोर्टर्स) से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश के हर ग्रामीण अंचल तक यात्रियों को सुगम आवागमन की सुविधा मिले, इसलिए हम हर जरूरी कदम उठा रहे हैं। इस लक्ष्य के लिए हम कटिबद्ध हैं। सबके हितों की रक्षा हो और लोक परिवहन सेवा भी निर्बाध रूप से चलती रहे, यही हमारा ध्येय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम यात्रियों को विशेषकर ग्रामीण अंचल के लोगों को सुगम परिवहन की सेवा देना चाहते हैं, पर इस उद्देश्य की पूर्ति में किसी का नुकसान भी नहीं होने दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बस ऑपरेटर्स की सभी शंकाओं/कठिनाई का मिल-बैठकर हल निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि ऑनर्स के पदाधिकारी, परिवहन मंत्री से मिलकर अपनी सभी शंकाओं/कठिनाइयों/समस्याओं का समाधान कराएंगे। इसके लिए वे परिवहन मंत्री को भी निर्देशित कर रहे हैं। दोनों पक्षों की चर्चा और समाधान के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शासन द्वारा जारी की गई एक सूचना एवं एक अधिसूचना को होल्ड करने के निर्देश दिए। बैठक में सचिव परिवहन मनीष सिंह, बस ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, अन्य पदाधिकारी एवं प्रदेश के दस संभागों से आए बस ऑनर्स उपस्थित थे।

### पहले राष्ट्रीयकरण और परमिट नीति पर था विवाद

बस ऑपरेटरों ने परिवहन विभाग की नीतियों, विशेषकर मार्गों के राष्ट्रीयकरण और परमिट व्यवस्था को लेकर आपत्ति जताई थी। इसी के विरोध में हड़ताल का ऐलान किया गया था। अब सरकार द्वारा विवादित राजपत्र होल्ड किए जाने के बाद फिलहाल टकराव टल गया है। आगे की रणनीति पर बस ऑपरेटर और शासन स्तर पर चर्चा जारी रहने की संभावना है।

### भोपाल पुलिस की सख्ती

# अरेरा हिल्स में 12 गुंडे-बदमाश गिरफ्तार, दो दिन में कुल 16 गिरफ्तार

**भोपाल (नप्र)।** राजधानी में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने अरेरा हिल्स क्षेत्र में सख्त कार्रवाई की है। भोपाल पुलिस के निर्देश पर थाना अरेरा हिल्स पुलिस ने भीमनगर और रोशनपुरा झुग्गी इलाके में शांति व्यवस्था भंग करने वाले 12 लोगों को गिरफ्तार कर धारा 170 बीएनएसएस के तहत जेल भेज दिया।



**दो दिन में 16 गिरफ्तार-** पुलिस के मुताबिक 26 फरवरी को चार लोगों को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसके अगले ही दिन 27 फरवरी को फिर से अभियान चलाते हुए 12 आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों में भीमनगर और रोशनपुरा क्षेत्र के निवासी शामिल हैं।

गिरफ्तार किए गए लोगों पर आरोप है कि वे इलाके में आए दिन विवाद, मारपीट और उपद्रव की घटनाओं में शामिल रहते थे, जिससे स्थानीय लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा था। पुलिस ने सभी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# सनातन विश्व को परिवार मानने की भावना सिखाता है

## भोपाल में हुई सनातन हिंदू धर्म सभा; सरकार से सनातन बोर्ड गठन की मांग

**भोपाल (नप्र)।** भोपाल के हिंदी भवन में 1 मार्च को आयोजित होने वाली सनातन हिंदू धर्मसभा को लेकर आयोजकों ने रविवार को विस्तृत जानकारी दी। धर्म सुधाकर सेवा समिति के तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन का उद्देश्य सनातन के मूल स्वरूप को समझाना, समरसता का संदेश देना और समाज को एकता के सूत्र में बांधना बताया गया है।

समिति के संस्थापक आचार्य पंडित योगेंद्र शास्त्री व्याकरण शिक्षाचार कार्यक्रम ने कहा कि संस्था मध्यप्रदेश सहित पूरे भारतवर्ष में सनातन धर्मसभाएं आयोजित कर रही है, ताकि लोग सनातन के वास्तविक स्वरूप अहिंसा, करुणा और 'वसुधैव कुटुंबकम' को समझ सकें। उनके अनुसार सनातन किसी एक वर्ग या समुदाय तक सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण विश्व को परिवार मानने की भावना सिखाता है।



**धर्मशास्त्रों ने मानवता को एक परिवार के रूप में देखने का संदेश-** उन्होंने कहा कि धर्मशास्त्रों ने मानवता को एक परिवार के रूप में देखने का संदेश दिया है। सभा का मुख्य उद्देश्य समाज में समरसता और एकता की भावना उत्पन्न करना है, ताकि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जो विघटनकारी घटनाएं सामने आ रही हैं, उन्हें समाप्त करने की दिशा में सकारात्मक प्रयास हो सकें।

**सरकार से सनातन बोर्ड गठन की मांग-** आचार्य योगेंद्र शास्त्री ने सरकार से सनातन बोर्ड के गठन की मांग भी रखी। उनका कहना है कि वर्तमान समय में नकली साधु-संत और स्वयंभू धर्मगुरुओं की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में एक अधिकृत बोर्ड बनने से वास्तविक और अप्रामाणिक व्यक्तियों के बीच स्पष्ट अंतर स्थापित किया जा सकेगा और सनातन परंपरा की संरक्षा सुनिश्चित होगी।

**किन्नर शंकराचार्य मामले पर रखी राय-** हाल ही में किन्नर शंकराचार्य के रूप में चर्चा में आए हिमान सिंह के सखी बनने के मुद्दे पर भी उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया दी। उनका कहना है कि धर्मशास्त्रों में किन्नर को शंकराचार्य बनाए जाने का उल्लेख नहीं मिलता। शास्त्रीय परंपरा के अनुसार शंकराचार्य का चयन चारों पीठों के मान्य शंकराचार्यों द्वारा ही किया जाता है। उनका तर्क है कि राजनीतिक या बाहरी हस्तक्षेप से शंकराचार्य का चयन नहीं हो सकता।

# संपादकीय | शराब नीति केस से उठे नए कानूनी सवाल

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कामकाज के तरीके और जांच की पद्धति पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। यह चिंता भी जताई जाती रही है कि आखिर इससे इन जांच एजंसियों की कैसी छवि बन रही है। मगर दिल्ली में शराब नीति से जुड़े कथित घोटाले के संबंध में विशेष अदालत का जो फैसला आया है, उससे फिर यह सवाल उठा है कि क्या ये एजंसियां किसी खास मंशा के तहत सोच-समझ कर नेताओं या अन्य लोगों के खिलाफ मामला उठाती हैं और क्या उनका बेजा इस्तेमाल हो रहा है।

गौरतलब है कि आबकारी नीति से संबद्ध मामले में विशेष अदालत ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य इक्कीस लोगों को आरोपमुक्त कर दिया। विशेष अदालत में हुई सुनवाई के बाद यही सामने आया कि अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के विरुद्ध जो भी आरोप लगाए थे, उसे साबित करने के लिए उनके पास कोई ठोस सबूत नहीं था। लापरवाही या हड़बड़ी का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सीबीआइ ने अदालत में जो आरोपपत्र प्रस्तुत किए, उनमें न सिर्फ गंभीर खामियां थीं, बल्कि कई विरोधाभास भी थे।सवाल है कि देश की सबसे महत्त्वपूर्ण एजंसी इतने बड़े स्तर पर मामला उठाते हुए किसी आरोप पर किस तरह काम करती है, कैसे आरोपपत्र तैयार करती है कि उसे खारिज किए जाने का एक आधार उसमें विरोधाभास होना होता है। यह मामला वर्ष 2021-22 के दौरान दिल्ली आबकारी नीति से जुड़ा है, जिसका उद्देश्य राजस्व बढ़ाना और शराब के कारोबार में सुधार करना बताया गया था। हालांकि बाद में इसमें घोर



अनियमितता के आरोप लगे और मामले की जांच सीबीआइ को सौंपी गई। इसके बाद ईडी और सीबीआइ की ओर से यह आरोप लगाया गया कि इस नीति के जरिए निजी कंपनियों को अनुचित फायदा पहुंचाया गया। इस आरोप में मनीष सिसोदिया और बाद में अरविंद केजरीवाल को भी गिरफ्तार किया गया था।

सुनवाई के बाद अदालत ने पाया कि इस मामले में लगाए गए आरोपों के पक्ष में ठोस और विश्वसनीय सबूत नहीं थे। लिहाजा अदालत ने मामले को रद्द कर दिया और सभी तेईस आरोपियों को आरोपों से मुक्त कर दिया। अदालत की यह टिप्पणी सीबीआइ के लिए बेहद असुविधाजनक होनी चाहिए कि उसने केवल अनुमानों के आधार पर साजिश की कहानी गढ़ने की कोशिश की।

दरअसल, पिछले कुछ वर्षों के दौरान ईडी और सीबीआइ पर किसी खास मंशा से ग्रस्त होकर या अप्रत्यक्ष रूप से किसी के इशारे पर काम करने के आरोप कई बार लगे हैं। इसकी गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इन एजंसियों की कार्यप्रणाली को लेकर सुप्रीम कोर्ट को भी कई बार सख्त टिप्पणियां करनी पड़ीं। शीर्ष अदालत ने यहां तक कहा था कि ये एजंसियां गवाहों से लेकर आरोपियों तक के मामले में भेदभावकारी नीति अपनाती हैं। मगर हैरानी की बात है कि विपक्षी दलों से लेकर अदालतों की ओर से बार-बार सवाल उठाए जाने के बावजूद ईडी और सीबीआइ के काम करने के तरीके में कोई बदलाव नहीं देखा जा रहा। इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि ईडी की ओर से जितने भी मामले दर्ज किए जाते हैं, उसमें दोषसिद्धि की दर कितनी है और ऐसा क्यों है। क्या यह चिंता की बात नहीं होनी चाहिए कि सिर्फ कामकाज की शैली की वजह से जिस तरह इन एजंसियों की साख पर सवाल उठ रहे हैं, उससे सही मामलों में भी इनकी विश्वसनीयता संदेह के घेरे में रहेगी? दिल्ली शराब नीति से जुड़े बहुचर्चित कथित घोटाले मामले में बड़ी राहत देते हुए अदालत ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को बरी कर दिया है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत पेश नहीं कर सका जिसके चलते दोनों नेताओं को आरोपों से मुक्त किया जाता है। बरी होने के बाद अरविंद केजरीवाल मीडिया से बात करते हुए फूट-फूटकर रोए।

# डिजीटल अरेस्ट कर दंपत्ति से हड़पे एक करोड़ 15 लाख रू

## फर्जी एटीएस अधिकारी ने केस में फंसाने की धमकी दी

**इंदौर।** फर्जी एटीएस अधिकारी बनकर ठग ने दंपति को डिजीटल अरेस्ट किया और मनी लांड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देते हुए एक करोड़ 15 लाख रुपए ऐंठ लिए। घटना साढ़े तीन माह पहले 15 नवंबर को हुई थी।

हीरानगर पुलिस को फरियादी सुमनलता पति विजय सक्सेना ने बताया कि वे लोक निर्माण विभाग से सेवानिवृत हुए हैं। रिटारमेंट के समय कुछ पैसा मिला था, जिसे बैंक में जमा किया है। वहीं, दीपावली के बाद थाना क्षेत्र में स्थित अपनी प्रापर्टी 85 लाख रुपए बेची थी। रिटायरमेंट और प्रापर्टी सेल का पैसे करीब एक करोड़ 15 लाख रुपए बैंक में जमा थे। इन पैसों की दो अलग-अलग एफडी की थी। उनके मोबाइल पर 15 नवंबर 2025 को वीडियो कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को पुणे एटीएस मुख्यालय का अधिकारी चंद्रभान सिंह बताया। उसने दावा किया कि सुमन के नाम से जम्मू स्थित एचडीएफसी बैंक खाते में मनी लांड्रिंग के तहत लाखों रुपए का का संदिग्ध लेनदेन हुआ है, जो आतंकवाद से जुड़ा है।

### दूसरे दिन फिर किया कॉल

सुमन ने जब ऐसे किसी खाते से इनकार किया तो आरोपी ने फोन काट दिया। अगले दिन 18 नवंबर को दोबारा संपर्क कर कहा कि मामला अब उसके सहयोगी प्रदीप लाल को सौंपा जा रहा है। 19 नवंबर को दूसरे नंबर से वीडियो कॉल कर आरोपियों ने दंपति को पूछताछ के नाम पर घंटों कैमरे के सामने बैठाए रखा। उन्हें धमकी दी गई कि सहयोग नहीं किया तो गिरफ्तारी होगी, संपत्ति जब्त कर ली जाएगी और बच्चों को जान से मार दिया जाएगा। डरे हुए दंपति से आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक और अन्य दस्तावेज मंगवाए गए। इसके बाद दो बैंक खातों में ह्लजांच पूरी होने तक सुरक्षित ट्रांजेक्शनह्व के नाम पर पैसा जमा करने को कहा गया।

### एनईएफटी से दिया पैसा

20 नवंबर को सुमन ने 49.70 लाख, विजय ने 65.30 लाख रुपए एनईएफटी के जरिए ठगों के खातों में जमा कराए। ठगों ने पीड़ितों को यह भी कहा कि बैंक में पूछे जाने पर पैसा बेटियों को भेजने की बात कहें। लगातार तनाव के कारण विजय की तबीयत बिगड़ गई थी। कुछ दिन बाद सुमन ने घटना अपने दामाद को बताई। इसके बाद 27 फरवरी को एफआईआर दर्ज की गई।

### इन नंबरों से आए कॉल

पीड़िता को पहले 8402823868 नंबर से चंद्रभान नामक युवक और फिर 8511309468 नंबर से प्रदीप लाल ने कॉल किया। एक आरोपी पुलिस की वर्दी में नजर आया। उसने पुलवामा व पहलगाम की घटनाओं का हवाला देकर डराने की कोशिश की। पुलिस मोबाइल नंबर को ट्रेस करने में जुट गई है।

# दो ट्रकों से 80 लाख की बीयर पकड़ाई, दो आरोपी गिरफ्तार

## 2800 कार्टून 'बोल्ट सुपर स्ट्रांग' बीयर, दो वाहन जब्त

**इंदौर।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लसूडिया पुलिस ने देर रात बायपास क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 80 लाख रुपये कीमत की बीयर जब्त की। हैरानी की बात यह सामने आई कि एक ही परमिट का इस्तेमाल कर दो अलग-अलग ट्रकों से बीयर का परिवहन किया जा रहा था। पुलिस ने दोनों ट्रकों सहित लगभग एक करोड़ रुपये का माल जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह के निर्देश तथा जोन-2 डीसीपी कुमार प्रतीक के मार्गदर्शन में अंजाम दी गई। शुक्रवार देर रात मुखबिर की सूचना पर ट्रक (एमपी09 जीजी 7215 और एमपी09 एचजी 7050) को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान दोनों वाहनों में 1400-1400 कार्टून 'बोल्ट सुपर स्ट्रांग' बीयर लदी मिली। कुल 2800 कार्टून, यानी लगभग 33,600 बल्क लीटर बीयर की बाजार कीमत



करीब 80 लाख रुपये आंकी गई है। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ कि दोनों ट्रकों में एक ही परमिट की आड़ लेकर माल का परिवहन किया जा रहा था, जो आबकारी नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक शेख अजगर (निवासी शाजापुर) और काशीराम डाबर (निवासी धार) को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी तारेश सोनी और उनकी टीम की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है।

### आबकारी विभाग पर उठे सवाल

इस कार्रवाई के बाद आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। छोटी जब्तियों पर सक्रिय दिखने वाला विभाग इतने बड़े अवैध परिवहन से अनजान कैसे रहा? अब सबकी नजर इस बात पर है कि जब्त की गई बीयर किस ठेकेदार से जुड़ी है और किस शराब दुकान पर पहुंचाई जानी थी। आने वाले दिनों में इस मामले में और बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# रंगपंचमी गैर की तैयारियों का निरीक्षण

**इंदौर।** रंगपंचमी पर निकलने वाली ऐतिहासिक गैर यात्रा की तैयारियों को लेकर शहर में प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर शिवम वर्मा और पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने गौरा कुण्ड चौराहे से राजवाड़ा तक संपूर्ण गैर मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

महापौर ने कहा कि गैर यात्रा 'गैरों को अपना बनाने' की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है, जिसमें लाखों लोग शामिल होते हैं। सुरक्षा के मद्देनजर निर्माण स्थलों पर मजबूत बैरिकेडिंग, जर्जर भवनों की पहचान, वायर-केबल हटाने और सड़क मरम्मत के निर्देश दिए गए।

गैर में शामिल वाहनों की अनिवार्य फिटनेस



जांच, ब्रेक-स्टेयरिंग परीक्षण और प्रत्येक वाहन में अतिरिक्त चालक रखने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

कलेक्टर ने सीसीटीवी कैमरे, चिकित्सा सुविधा, पेयजल व्यवस्था और पर्याप्त पुलिस बल तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गैर यात्रा के तुरंत बाद नगर निगम विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर मार्गों को शीघ्र साफ करेगा।

**महू में भी शांति समिति की बैठक-** आगामी होली, रंगपंचमी, रामनवमी और रमजान पर्व सदभावना पूर्वक मनाया जाए। त्यौहारों के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न होने दें। जहां भी शांति भंग करने का प्रयास किया जाएगा, वहां पुलिस सख्ती से निपटेगी। यह निर्देश कोतवाली थाना महू परिसर में शनिवार को आयोजित शांति समिति की बैठक में समाजों के प्रबुद्धजनों को दिए गए। बैठक में एसडीएम राकेश परमार, एसडीओपी ललित सिकरवार, नायब तहसीलदार राधावल्लभ धाकड़, टीआई राहुल शर्मा शामिल हुए।

# 6 बदमाश जिला बदर, 12 को रोज देना होगी थाने में हाजिरी

इंदौर। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने संबंधित जोन के पुलिस अधिकारियों से मिले प्रतिवेदन पर कार्रवाई करते हुए 6 कुख्यात बदमाशों को जिला बदर और 12 शातिर बदमाशों को थाना हाजिरी के लिए निर्बंधन आदेश जारी किया है। इन 12 बदमाशों को निर्धारित समय अवधि पर संबंधित थाने पर हाजिरी देना होगी। असंवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त नहीं रहेंगे। शहर में लोक शांति को भंग करने का कोई काम नहीं करेंगे। इनका उल्लंघन करने पर पुलिस वैधानिक कार्रवाई करेगी। इनके द्वारा क्षेत्र में लगातार आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा था। इन पर गंभीर धाराओं के कई थानों में अपराध दर्ज है। आकाश उर्फ बकरी पिता सुनील भिलवारे, उम्र 31, निवासी 25 अनुराधा नगर जनता क्वार्टर हाल भावना नगर थाना तेजाजी नगर इंदौर ( अवधि – 1 वर्ष) 2. राहुल उर्फ पम्पा पिता दिनेश बौरासी, उम्र 26, निवासी 288 बड़ी ग्वालटोली थाना पलासिया इंदौर (अवधि- 6 माह) 3. साजिद पिता इस्लाम खान, उम्र 28, निवासी 985 कृष्णबाग कॉलोनी थाना एमआईजी इंदौर (अवधि- 3 माह) ।

मनोरंजन

## बॉलीवुड का कोना

# फ्लाइट में ऐश्वर्या को हुआ था शादी का अहसास



ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन ने साल 2007 में शादी की थी। उस वक्त इस शादी की खूब चर्चा हुई थी। कई दिनों तक यह जोड़ी सुर्खियों में रही थी। मालूम हो कि ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन की शादी को 17 साल पूरे होने जा रहे हैं। इस खास मौके पर हम ऐश्वर्या राय बच्चन से जुड़ी दिलचस्प बातें बताने जा रहे हैं।

### जब एयर होस्टेस ने ऐश्वर्या को कहा- मिसेज बच्चन

जब शादी के बाद ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन बोरा बोरा में हनीमून मनाने गए थे तो एक वाकया हुआ था। ऐश्वर्या ने खुद इसके बारे में बताया था। दोनों फ्लाइट से यात्रा कर रहे थे तभी अचानक एयर होस्टेस ऐश्वर्या राय के पास आई और उन्हें 'मिसेज बच्चन' कहकर बुलाया। यह सुनते ही अभिषेक और ऐश्वर्या ने तुरंत एक-दूसरे को देखा और दोनों जोर से हंस पड़े। ऐश्वर्या ने बताया था कि 'मिसेज बच्चन' सुनकर उन्हें अचानक महसूस हुआ था कि उनकी शादी हो गई है।

### 'धूम-2' की शूटिंग के दौरान हुआ था प्यार

ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन ने एक साथ कई फिल्मों में काम कर चुके हैं। इनमें धूम 2, रावण, कुछ ना कहो, ढाई अक्षर प्रेम के, गुरु और उमराव जान शामिल है। अभिषेक बच्चन को धूम 2 की शूटिंग के दौरान ऐश्वर्या राय बच्चन से इश्क हुआ था। इसके बाद दोनों ने शादी रचाई थी। दोनों पहली बार फिल्म 'ढाई अक्षर प्रेम के' के एक फोटो शूट के लिए मिले थे। कुछ साल बाद उनके बीच नजदीकियां बढ़ने लगी थी।

#### शादी के बाद कैसी चल रही है अभिनेत्री विद्या बालन की लाइफ? एक्ट्रेस ने बताया

# तमाम परेशानी के बावजूद, हमारे रिश्ते में बहुत ज्यादा ईमानदारी है

हाल ही में विद्या बालन ने एक इंटरव्यू में बताया कि सिद्धार्थ रॉय कपूर से उनकी मुलाकात साल 2010 में करण जौहर के घर पर एक पार्टी में हुई थी. फिल्म निर्माता ने कामदेव की भूमिका निभाई थी, उन्होंने जानबूझकर हम दोनों को इनवाइट किया था क्योंकि वो चाहते थे कि हम एक साथ हों. एक्ट्रेस ने कहा, आजकल की जेनरेशन दाएं और बाएं स्वाइप करती हैं. लेकिन मैं भाग्यशाली रहीं कि टिंडर और बम्बल के फलने-फूलने से पहले ही मुझे एक पार्टनर मिल गया और मैं इससे बहुत खुश हूं. प्यार हमेशा प्यार ही रहेगा. बता दें कि कुछ समय तक डेटिंग करने के बाद, सिद्धार्थ और विद्या ने दिसंबर 2012 में शादी कर ली थी. आगे विद्या ने कहा कि तमाम परेशानी के बावजूद भी, हमारे रिश्ते में बहुत ज्यादा ईमानदारी है और ये ही कारण है कि वह सिद्धार्थ के सामने अपनी फीलिंग्स को खुलकर जाहिर करने से नहीं डरती. जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि उन्होंने सिद्धार्थ के लिए सबसे रोमांटिक चीज अबतक क्या की है? तो विद्या ने कहा, मैं बिल्कुल भी खाना नहीं बनाती।

### झूठ नहीं बोल सकतीं

पति सिद्धार्थ के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस बोलीं- अच्छी बात ये है कि वह समझता है कि मैं जो करती हूं उसे करने के लिए कितनी मेहनत करनी पड़ती है. इसलिए, वह बहुत सपोर्टिव है और ये दूसरा पहलू भी है क्योंकि मैं काम के कारण थकने के बारे में उनसे झूठ नहीं बोल सकतीं.



# 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' में सर्किट से पहले कुछ और था अरशद के किरदार का नाम



*बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी 'सर्किट' के नाम से जाने जाते हैं। उनके द्वारा फिल्म 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' में निभाया गया यह किरदार काफी यादगार है। दर्शकों ने इस किरदार को खूब पसंद किया था। यह फिल्म 2003 में रिलीज हुई थी और लोग आज तक अरशद के इस किरदार को भूले नहीं है। हाल ही में, अरशद वारसी ने खुद इस किरदार के बनने के पीछे की कहानी बताई है। अरशद ने एक साक्षात्कार में बताया कि उनके इस किरदार का नाम पहले सर्किट नहीं, बल्कि खुजली था। उसके कपड़े और हरकतें काफी ज्यादा अलग तरह की थी। उन्होंने कहा, नाम सुनते ही आपको लगता है, ये सिर्फ खुजाता रहेगा। उससे ज्यादा क्या ही करेगा, तो वह पूरा पैकेज खराब हो जाता है। अरशद वारसी ने सर्किट के किरदार पर काफी मेहनत की थी। अरशद ने बताया कि उन्होंने फिल्म के निर्देशक राजकुमार हिरानी से किरदार का नाम बदलने को कहा था। इसके अलावा उसके कपड़ों में भी बदलाव करने की बात कही थी। उन्होंने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान तक राजकुमार हिरानी उनके सेंस ऑफ ह्यूमर के बारे में नहीं जानते थे। उन्होंने दिलचस्प बात बताते हुए कहा कि फिल्म के कुछ-कुछ सीन तो ऐसे थे, जिनमें सब कुछ अरशद ने ही किया था। फिल्म के दृश्यों में जान डालने के लिए उन्होंने काफी काम किया था। अरशद ने बताया कि 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' में मुख्य किरदार अदा करने वाले संजय दत्त ने भी उनके दिए सुझावों का समर्थन किया था। उन्होंने कहा संजय दत्त और उनके बीच अच्छा तालमेल है।*

## दिनचर्या बदलने की जरूरत

# काम के साथ खुद को भी समय दें

**ज्यादातर लोग पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में बैलेंस नहीं बना पाने से परेशान हैं। कोई घर में भी ऑफिस का काम करता है तो कोई काम-काज के बीच में झपकियां लेता है। इन चीजों से बचने के लिए वर्क लाइफ बैलेंस बनाना बहुत जरूरी है। इससे आप अपनी मेंटल हेल्थ का भी ख्याल रख सकते हैं।**

घर और काम की दोहरी जिम्मेदारियों को संभाल पाना आसान नहीं है। इसके लिए सही टाइम मैनेजमेंट करना जरूरी है। अगर आप घर में भी ऑफिस का काम करते हैं या ऑफिस टाइमिंग में घर की बातों से परेशान रहते हैं तो अब खुद को बदलने की जरूरत है। हर लाइफ कोच वर्क लाइफ बैलेंस पर फोकस जरूर करता है। वर्क लाइफ बैलेंस से मेंटल हेल्थ भी बेहतर रहती है।

फील्ड चाहे जो भी हो, काम का प्रेशर हर जगह रहता है। टीचर्स घर आकर स्टूडेंट्स की आंसर कॉपी चेक करती हैं, वकील अगले दिन की हियरिंग के लिए केस स्टडी करते हैं, एक्टर्स डायलॉग रिहर्सल में व्यस्त रहते हैं, पत्रकार नई कहानियों पर काम करते हैं... लिस्ट बहुत लंबी है। इन दिनों 9-10 घंटे की नौकरी सिर्फ ऑफिस तक सीमित नहीं रह गई है। लेकिन अगली जेनरेशन वर्क लाइफ बैलेंस को लेकर काफी सजग है और वह पुराने ढर्रे पर काम करने के बजाय स्मार्ट वर्क पर फोकस कर रही है।




### लिमिट्स पर दें ध्यान

काम और निजी जीवन के बीच स्पष्ट सीमाएं निर्धारित करें। ऑफिस और पर्सनल लाइफ में अपनी प्राथमिकताएं निर्धारित करें। घर और ऑफिस, दोनों जगहों पर टाइम मैनेजमेंट के लिए शेड्यूल बनाएं। घर, ऑफिस, दोस्तों के साथ ही पर्सनल स्पेस यानी मी टाइम का भी ध्यान रखें। इसके साथ ही फिजिकल और मेंटल हेल्थ तथा फिटनेस का ख्याल रखना भी जरूरी है। वर्क लाइफ बैलेंस के लिए एक्सटर्नल हेल्प लेनी पड़े तो मना मत करें। टाइम टु टाइम काम से ब्रेक लेकर कहीं घूमने निकल जाएं। ऑफिस वर्क और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच हॉबीज के लिए भी टाइम निकालें। घर या ऑफिस, कहीं पर भी ज्यादा स्ट्रेस हो रहा है तो उस पर फोकस करें। अपने अंदर बदलाव के लिए फ्लेक्सिबिलिटी रखें।

### ऑफिस मैनेजमेंट की भी जिम्मेदारी

हर एंप्लॉई वर्क लाइफ बैलेंस कर पा रहा है या नहीं, इसकी जिम्मेदारी कंपनियों के हाथ में भी होनी चाहिए। इससे एंप्लॉइज अपनी बेस्ट परफॉर्मेंस दे पाएंगे। जानिए वर्क लाइफ बैलेंस के लिए ऑफिस से क्या मदद मिल सकती है।

**जब** भी पॉसिबल हो, ऑफिस और पर्सनल स्पेस के बीच बाउंड्री यानी हदें निर्धारित करें। ऐसा करने के लिए अपनी जिम्मेदारियों को सही तरीके से मैनेज करना जरूरी है।

**वर्कप्लेस** पर सभी के लिए साइकोलॉजिकल सपोर्ट सेंटर उपलब्ध होने चाहिए। इससे लोग कोई भी परेशानी होने पर साइकोलॉजिस्ट से कंसल्ट कर सकते हैं।

**तनाव** भरे माहौल में काम करने से प्रोडक्टिविटी और मेंटल हेल्थ, दोनों को नुकसान पहुंचता है। इसलिए एम्प्लॉइज और बॉस के बीच रेगुलर मीटिंग होनी चाहिए। इससे अपनी बात को खुलकर रख पाएंगे।

**कंपनी** में नए एंप्लॉइज के लिए मेंटरशिप प्रोग्राम होना चाहिए। इसमें उन्हें सीखने और बढ़ने के लिए एक मंच भी दिया जा सकता है। उन्हें पता होना चाहिए कि परेशानी के समय किससे संपर्क करना है।



### ऑस्ट्रेलिया में हुआ प्रयोग

ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में प्रोफेशनल्स के लिए राइट टु डिसकनेक्ट की घोषणा की थी। इसका साफ मतलब है कि ऑफिस के घंटे पूरे हो जाने के बाद प्रोफेशनल्स के लिए बॉस की कॉल रिसीव करना जरूरी नहीं माना जाएगा। वह चाहें तो उस कॉल को इग्नोर कर सकते हैं। ऐसा कई जगहों पर होता है। इससे पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बीच में लिमिट तय करना आसान हो जाता है। अगर आप भी वर्क लाइफ बैलेंस से जूझ रहे हैं कुछ तरीके अपना सकते हैं।



# हीली आखिरी वनडे में शतक लगाने वाली दूसरी महिला क्रिकेटर

## भारत के खिलाफ 158 रन बनाए, ऑस्ट्रेलिया ने 410 रन का टारगेट दिया

होबार्ट (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने आज भारत के खिलाफ अपने करियर का आखिरी वनडे खेला। उन्होंने इस मुकाबले में 98 बॉल पर 158 रन बनाए। हीली दूसरी ही महिला क्रिकेटर हैं जिन्होंने आखिरी एक दिवसीय मुकाबले में शतक बनाया है। उनसे पहले ऐसा साउथ अफ्रीका का जोहमारी लॉटेगबर्ग ने 2007 में किया था। उन्होंने नीदरलैंड्स के सामने शतक लगाया था। होबार्ट में खेले जा रहे तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 409 रन बनाए। ऐसे में भारत के जीत के लिए 410 रन का टारगेट मिला है।



### मूनी ने नाबाद शतक लगाया

ऑस्ट्रेलिया के लिए हीली क अलावा बेथ मूनी ने 84 बॉल पर नाबाद 106 रन बनाए। जॉर्जिया वॉल ने 62, निकोला कैरी ने नाबाद 34 और ऐनाबेल सदरलैंड ने 23 रन बनाए। भारत के लिए श्री चरणी और स्नेह राणा ने 2-2 विकेट लिए। रेणुका सिंह, काशवी गौतम और दीप्ति शर्मा को 1-1 विकेट मिला।

### भारतीय टीम ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया

भारतीय विमेंस क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया पर हीली के गार्ड ऑफ ऑनर की फोटो पोस्ट की है। बीसीसीआई विमेंस ने लिखा, टीम इंडिया ने खेल शुरू होने से पहले ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली को उनके अंतिम वनडे मैच पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

### जनवरी में किया था संन्यास का ऐलान

हीली जनवरी में ही इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर चुकी है। उन्होंने कहा था कि वह भारत के खिलाफ सीरीज के बाद संन्यास ले लेंगी। उन्होंने भारत के खिलाफ तीसरे मुकाबले में ओपनिंग की और वनडे में आठवीं बार शतक लगाया।

### तीसरे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी

हीली ने 98 गेंद में 27 चौके और दो छक्के की मदद से 158 रन बनाए। उन्होंने जॉर्जिया वॉल (62) के साथ दूसरे विकेट के लिए 104 और बेथ मूनी (106) के साथ तीसरे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी की। इससे ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया।

# पीवी सिंधु ईरान के हमले के दौरान दुबई में फंसीं

## ऑल इंग्लैंड ओपन खेलने बर्मिंघम जा रही थीं; टूर्नामेंट 3 मार्च से शुरू होगा

**दुबई (एजेंसी)।** भारत की ओलिंपिक मेडलिस्ट बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ईरान के ड्रोन अटैक के बीच दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फंस गईं। वे ऑल इंग्लैंड ओपन खेलने के लिए बर्मिंघम जा रही थीं। दुबई से सिंधु की कनेक्टिंग फ्लाइट थी।

30 साल की सिंधु ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वीडियो पोस्ट कर वहां के हालत बताए। उन्होंने दिखाया कि कैसे बड़ी संख्या में यात्री एयरपोर्ट पर




फंसे हुए हैं। उनमें डर का माहौल है। सिंधु ने अपनी पोस्ट में लिखा- 'अगली सूचना तक सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं'

**3 मार्च से शुरू होना है ऑल इंग्लैंड ओपन** - ऑल इंग्लैंड ओपन 3 मार्च से शुरू होना है। ऐसे में अगर देरी ज्यादा होती है, तो सिंधु की तैयारी प्रभावित हो सकती है। जिससे उनके प्रदर्शन पर असर पड़ सकता है। यह साफ नहीं है कि सिंधु कब दुबई से रवाना हो पाएंगी। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले बर्मिंघम पहुंच सकेंगी भी या नहीं?

### मिसाइल हमलों के बाद एयरस्पेस बंद

दुबई दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है। ईरान पर हुए हालिया मिसाइल हमलों के बाद सुरक्षा कारणों से पूरे क्षेत्र का एयरस्पेस प्रभावित हुआ है। इसके चलते दुबई से निकलने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को या तो रद्द कर दिया गया है या उन्हें डाइवर्ट किया गया है। अभी यह साफ नहीं है कि उड़ानें दोबारा कब शुरू होंगी और सिंधु कब तक बर्मिंघम पहुंच पाएंगी?

# स्पेन: दुनिया का सबसे ऊंचा चर्च बना सग्रादा फामीलिया

**बार्सिलोना।** *स्पेन के बार्सिलोना में स्थित सग्रादा फामीलिया बेसिलिका अब दुनिया का सबसे ऊंचा चर्च बन गया है। चर्च के मुख्य टावर के ऊपर क्रॉस लगाने का काम पूरा हुआ। खास बात यह है कि इस चर्च को बनाने में 143 वर्ष लग गए। प्रसिद्ध वास्तुकार एंटोनी गौडी ने इसे डिजाइन किया था। उनकी मृत्यु 1926 में हो गई थी, तब केवल एक ही टावर का काम पूरा हुआ था। हाल के दशकों में यहां पर्यटन बढ़ने से निर्माण तेज हुआ, क्योंकि प्रवेश शुल्क के रूप में हो रही आमदनी से ही इसके निर्माण में खर्च किया जा रहा था। चर्च के अंदरूनी हिस्से में कुछ छोटे-मोटे काम बाकी हैं। जून 2026 में गौड़ी के शताब्दी वर्ष में इसका उद्घाटन प्रस्तावित है।*





## भानपुर से अब आदमपुर शिफ्ट हुआ कचरा

# नगर निगम ने नए एड्रेस पर छह लाख टन का पहाड़ किया खड़ा

**रंजीत टाइम्स**

राजधानी भोपाल में 'लिगेसी वेस्ट' खत्म करने के दावों के बीच हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। नगर निगम ने समाधान निकालने के बजाय कचरे का सिर्फ 'पता' बदला है। 2 जनवरी 2018 से शहर का कचरा भानपुर खंती के बजाय आदमपुर छावनी भेजना शुरू किया गया और 25 जनवरी 2018 को भानपुर खंती पर ताला लगा दिया गया। कागजों में भानपुर को साफ दिखाने की कवायद में कचरे को एक ढेर से दूसरे ढेर में शिफ्ट कर दिया गया। नतीजा यह हुआ कि अब आदमपुर खंती में करीब छह लाख टन कचरे का नया पहाड़ खड़ा हो गया है।

### नियम की चुनौती सामने

देशभर में लागू होने जा रहे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के तहत नगर निकायों के लिए कचरे का शत-प्रतिशत वैज्ञानिक निपटान और डंपिंग साइट्स का पूर्ण उपचार अनिवार्य है। मानक इतने सख्त हैं कि तय समय सीमा में कचरे के पहाड़ खत्म नहीं होने पर भारी पर्यावरणीय जुर्माना लग सकता है। भोपाल नगर निगम के सामने चुनौती इसलिए भी बड़ी है क्योंकि आदमपुर में कचरे का ढेर कम होने के बजाय हर दिन बढ़ रहा है। शहर से रोजाना लगभग 850 टन कचरा निकलता है, लेकिन सिर्फ 150 टन का ही निस्तारण हो पाता है। 60-70 टन कचरा रोज खुले में पड़ा रह जाता है।

### सिर्फ 'शिफ्टिंग' का खेल

निगम ने भानपुर खंती बंद करने का श्रेय तो लिया, लेकिन वहां जमा कचरे को वैज्ञानिक तरीके से नष्ट करने के बजाय आदमपुर और अन्य खाली भूखंडों में स्थानांतरित कर दिया। ट्रोमेल मशीन और आरडीएफ प्लांट जैसी तकनीकें अब तक फाइलों और ट्रायल रन तक ही सीमित हैं। नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि आदमपुर खंती के कचरे के निस्तारण का प्रस्ताव एमआईसी में भेजा गया है और स्वीकृति के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल हकीकत यही है कि समस्या का स्थायी समाधान अभी दूर है और कचरे का पहाड़ हर दिन ऊंचा होता जा रहा है।

### बस्ती के पास बढ़ता खतरा

आदमपुर खंती में जमा छह लाख टन कचरा अब आसपास की आबादी के लिए मुसीबत बन चुका है। कचरे के ढेर से महज 150 से 200 मीटर की दूरी पर घनी बस्ती है, जहां सैकड़ों लोग रहते हैं। कचरे से निकलने वाला जहरीला लीचेट और सड़ांध लोगों के स्वास्थ्य और जीवन स्तर पर असर डाल रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बरसात में हालात और खराब हो जाते हैं।

## नारी शक्ति अवार्ड से विभिन्न क्षेत्र की 51 महिलाएं होंगी सम्मानित मालवा जर्नलिस्ट फोरम का आयोजन 5 मार्च को जाल सभागृह में

इंदौर। मीडियाकर्मियों की संस्था मालवा जर्नलिस्ट फोरम द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति अवार्ड का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मान समारोह आगामी 5 मार्च, गुरुवार को शाम 5 बजे साउथ तुकोगंज स्थित जाल सभागृह में संपन्न होगा। यह जानकारी देते हुए संस्था सचिव प्रवीण जोशी ने बताया कि समारोह में पत्रकारिता, साहित्य, कला, समाज सेवा, शिक्षा आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 51 महिलाओ को नारी शक्ति अवार्ड से नवाजा जायेगा। इस समारोह के अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, महिला बाल विकास मंत्री, सुश्री निर्मला भूरिया, राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, सांसद शंकर लालवानी, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्रीमती सीमा अलावा, मोटिवेशनल स्पीकर श्रीमती टिम्सी राय, फिल्म अभिनेत्री सारिका दीक्षित, पर्यावरणविद् डॉ. एस एल गर्ग, शहर भाजपा उपाध्यक्ष श्रीमती दीप्ति सिंह हाड़ा, सुरेंद्र सिंह सोनगिरा एवं अविनाश कुमार होंगे।